SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 30/01/2020

Q1. सचिन बंसल ने हाल ही में किस बैंक के स्वतंत्र निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है?

क. बैंक ऑफ़ बड़ोदा

ख. पेटीएम पेमेंट बैंक

ग. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक

घ. केनरा बैंक

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के को-फाउंडर सचिन बंसल ने हाल ही में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के स्वतंत्र निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने कहा की

मैंने व्यापारिक नैतिकता और कॉर्पोरेट गवर्नेंस के हितों को ध्यान में रखकर इस्तीफा दिया है.

प्रश्न 2. भारत की किस राज्य सरकार ने 10 रुपए में भोजन की थाली देने के लिए “शिव भोजन” योजना लांच की है?

क. गुजरात सरकार

ख. पंजाब सरकार

ग. उत्तर प्रदेश सरकार

घ. महाराष्ट्र सरकार

महाराष्ट्र सरकार ने हाल ही में 10 रुपए में भोजन की थाली देने के लिए “शिव भोजन” योजना लांच की है. इस योजना के तहत देश के बहुत से कैंटीनों में निर्धारित समय पर गरीबों को 10 रुपए में पूरा भोजन दिया जायेगा.

प्रश्न 3. हाल ही में किसने वरिष्ठ नौकरशाह बी आनंद को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का सचिव नियुक्त किया है?

क. निति आयोग

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. केंद्र सरकार

घ. योजना आयोग

हाल ही में केंद्र सरकार ने वरिष्ठ नौकरशाह बी आनंद को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का सचिव नियुक्त किया है. वे 1987 बैच के आईएएस तमिलनाडु कैडर के

SarkariExam.Com

अधिकारी हैं साथ ही वे अभी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग में अवर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार हैं.

प्रश्न 4. निम्न में से किस राज्य सरकार ने विधान परिषद को खत्म करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है?

क. आंध्र प्रदेश सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. छत्तीसगढ़ सरकार

घ. केरल सरकार

आंध्र प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने हाल ही में विधान परिषद को खत्म करने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है. इस समय उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा तेलंगाना में विधान परिषद् है. इस समय राज्य की विधान परिषद में सदस्यों की संख्या 58 है.

प्रश्न 5. देश की पहली अंडरवाटर टनल ____ और महाकरण मेट्रो स्टेशन के बीच चलाने की घोषणा की गयी है?

क. हावड़ा

ख. पुणे

ग. मुंबई

घ. दिल्ली

SarkariExam.com

देश की पहली अंडरवाटर टनल हावड़ा और महाकरण मेट्रो स्टेशन के बीच चलाने की घोषणा की गयी है. यह अंडरवाटर टनल प्रोजेक्ट 2022 तक पूरा कर लिया जायेगा. इस प्रोजेक्ट के लिए जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी से 41.6 बिलियन रुपए का लोन लिया गया है.

प्रश्न 6. भारत के किस राज्य के डाक विभाग के ऑफिसों में भी 1 अप्रैल 2020 से कॉमन सर्विस सेंटर में मिलने वाली सुविधाएं दी जाएंगी?

क. दिल्ली

ख. महाराष्ट्र

ग. उत्तर प्रदेश

घ. कोलकाता

उत्तर प्रदेश राज्य के डाक विभाग के ऑफिसों में भी 1 अप्रैल 2020 से कॉमन सर्विस सेंटर में मिलने वाली सुविधाएं दी जाएंगी. उत्तर प्रदेश के डाक विभाग में आधार से जुड़ी सेवाओं के अलावा, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, पेंशन, रोजगार, बस, रेल एवं हवाई जहाज की टिकटों की बुकिंग जैसी सेवाएं दी जाएगी.

SarkariExam.Com

प्रश्न 7. 6वीं अनुसूची के तहत किसे जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने जनजातीय प्रदेश घोषित करने का प्रस्ताव रखा है?

क. मुंबई

ख. कोलकाता

ग. लद्दाख

घ. चेन्नई

6वीं अनुसूची के तहत लद्दाख जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने जनजातीय प्रदेश घोषित करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार के सामने रखा है. भारत के उत्तर-पूर्व के चार राज्यों को छठी अनुसूची के तहत आदिवासी का दर्जा दिया गया है.

प्रश्न 8. राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नितिन गडकरी ने कौन से ऑनलाइन वेब पोर्टल की शुरुआत की है?

क. Speed

ख. Gati

ग. Fast

घ. Bharat Ki Gati

भारत के केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से “GATI” ऑनलाइन वेब पोर्टल की शुरुआत की है. इस Gati पोर्टल की मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार समीक्षा की जाएगी.

SarkariExam.Com

प्रश्न 9. अमेरिका की कौन सी टेनिस खिलाडी ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुचने के साथ पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची हैं?

क. वीनस विलियम

ख. मारिया शारापोवा

ग. सोफिया केनिन

घ. अलीजा टेक्सास

अमेरिका की टेनिस खिलाडी सोफिया केनिन ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुचने के साथ पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंची हैं. सोफिया केनिन ने ट्यूनिशिया की ओन्स जबेउर को 6-4, 6-4 ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में स्थान बनाया है.

प्रश्न 10. भारत ने किस देश को खसरा और रूबेला बीमारी से निपटने के लिए टीके की 30,000 खुराक भेजी हैं?

क. चीन

ख. अमेरिका

ग. मालदीव

घ. इंडोनेशिया

भारत ने मालदीव को खसरा और रूबेला बीमारी से निपटने के लिए खसरा और रूबेला टीके की 30,000 खुराक भेजी हैं. डब्लूएचओ ने मालदीव को वर्ष 2017 में खसरा बीमारी मुक्त देश घोषित किया था. साथ ही भारत ने मालदीव में 100 बिस्तरों का आधुनिक अस्पताल के निर्माण में भी सहयोग दिया है.

SarkariExam.Com

Q11. टाईकॉन अवॉर्ड समारोह में किस उद्योगपति को टाईकाॅन मुंबई 2020 लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?

क. रतन टाटा

ख. सुन्दर पिचाई

ग. सत्य नाड़ेला

घ. ग्रेट थनबर्ग

टाईकॉन अवॉर्ड समारोह में काॅर्पोरेट वर्ल्ड में मूल्याें के पक्षधर इन्फोसिस के को-फाउंडर एन आर नारायण मूर्ति ने उद्योगपति रतन टाटा को टाईकाॅन मुंबई 2020 लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है.

Q12. निम्न में से किसने हाल ही में अफ्रीकी चीते को भारत में उचित स्थान पर रखने की अनुमति दे दी है?

क. निति आयोग

ख. योजना आयोग

ग. सुप्रीम कोर्ट

घ. दिल्ली हाईकोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अफ्रीकी चीते को भारत में उचित स्थान पर रखने की अनुमति दे दी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है की वह अफ्रीकी चीते को रखने की परियोजना की निगरानी करेगा और समिति प्रत्येक 4 माह में अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपेगी.

SarkariExam.Com

Q13. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने किस शब्द को ऑक्सफोर्ड हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर 2019 चुना है?

क. आयोग

ख. संविधान

ग. धारा

घ. नागरिकता

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने “संविधान” शब्द को ऑक्सफोर्ड हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर 2019 चुना है. ऑक्सफोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा है की संविधान एक शब्द, जो बीते हुए साल की प्रकृति, मिजाज, माहौल और मानसिकता को व्यक्त कर सकता है.

Q14. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा करते हुए किसे शिक्षा मंत्री बनाया है?

क. रामेश्वर उरांव

ख. आलमगीर आलम

ग. जगरनाथ महतो

घ. सत्यानंद भोक्ता

झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा करते हुए जगरनाथ महतो को शिक्षा मंत्री बनाया है. साथ ही सबसे शिक्षित और धनी मंत्री रामेश्वर उरांव को वित्त एवं वाणिज्य विभाग का मंत्री बनाया गया है.

SarkariExam.Com

Q15. अमेरिकी प्रतिष्ठित मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2019 के लिए विश्व के प्रमुख कितने हजार उद्योगों की सूची जारी की है?

क. 1 हजार

ख. 2 हजार

ग. 5 हजार

घ. 10 हजार

अमेरिकी प्रतिष्ठित मैगजीन फोर्ब्स ने वर्ष 2019 के लिए विश्व के प्रमुख 2 हजार उद्योगों की सूची जारी की है जिसमे भारत की 19 कंपनियों को स्थान मिला है. छत्तीसगढ़ में स्थित कंपनी सेल 10वें स्थान पर रही है. सेल कंपनी इस समय 12 देशों में रेलपांत की सप्लाई कर रही है.

Q16. भारत का कौन सा राज्य नागरिकता कानून के खिलाफ प्रस्ताव पास करने देश का चौथा राज्य बन गया है?

क. गुजरात

ख. केरल

ग. पंजाब

घ. पश्चिम बंगाल

श्चिम बंगाल राज्य नागरिकता कानून के खिलाफ प्रस्ताव पास करने देश का चौथा राज्य बन गया है. पश्चिम बंगाल सरकार ने विधानसभा में यह प्रस्ताव पेश किया था कि विवादास्पद सीएए कानून को निरस्त किया जाए और एनपीआर और एनआरसी वापस लिया जाए.

SarkariExam.Com

Q17. अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में किस कंपनी का मुनाफा 11.4% बढ़कर 22.2 अरब डॉलर पहुंच गया है?

क. गूगल

ख. माइक्रोसॉफ्ट

ग. एपल

घ. फेसबुक

एपल कंपनी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में मुनाफा 11.4% बढ़कर 22.2 अरब डॉलर पहुंच गया है. जो की अब तक की किसी अमेरिकी कंपनी का सबसे बड़ा तिमाही मुनाफा है. एक साल बाद एप्पल के आईफोन की बिक्री बढ़ी है.

Q18. नीरज चोपड़ा ने एसीएनई लीग में कितने मीटर का थ्रो फेंककर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया है?

क. 57.86 मीटर

ख. 67.86 मीटर

ग. 87.86 मीटर

घ. 92.86 मीटर

भारत के स्टार चक्काफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने हाल ही में एसीएनई लीग में 87.86 मीटर का थ्रो फेंककर ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया है. नीरज चोपड़ा वर्ष 2019 में चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर रहे थे.

SarkariExam.Com

Q19. भारतीय साइकिलिस्ट एसो एल्बेन ने 6 दिन तक चलने वाली बर्लिन साइकिलिंग टूर्नामेंट में कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर मेडल

भारतीय साइकिलिस्ट एसो एल्बेन ने 6 दिन तक चलने वाली बर्लिन साइकिलिंग टूर्नामेंट में 20 क्लासिफिकेशन अंक हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जीता है. जबकि चेक गणराज्य के थामस बाबेक दूसरे और जर्मनी के मैक्सिमिलियन लेव तीसरे स्थान पर रहे है.

Q20. महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़कर टी-20 में विराट कोहली कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा कितने रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं?

क. 1126 रन

ख. 1156 रन

ग. 1246 रन

घ. 1386 रन

महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़कर टी-20 में विराट कोहली कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा 1126 रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं. धोनी ने बतौर कप्तान 72 मैच में 37.06 की औसत से 1112 रन बनाए थे. जबकि विराट कोहली ने 36वें मैच में 45.04 की औसत से 1126 रन बनाए है.

SarkariExam.Com